# आयुक्त ने खुर्सीपार में पूर्व निर्मित अटल आवास का किया निरीक्षण

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रमांक–4 शिवाजी नगर खुर्सीपार में शासकीय स्कूल, सुलभ शौचालय, आई.टी.आई. कथा स्थल एवं अटल आवास का आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने निरीक्षण किया है। निगम आयुक्त ने वार्ड क्रमांक 51 शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल का निरीक्षण कर जर्जर भवन को तोड़कर समतलीकरण करने निर्देशित किए है। स्कूल में बच्चो के खेलने के लिए मैदान बनाने एवं स्कूल के शौचालय का चेम्बर भरकर ओवर फ्लो हो रहा है, जिसका संधारण कराने को कहा गया। आयुक्त ने बच्चो के क्लास रूम में जाकर उनसे पढ़ाई से संबंधित सवाल जवाब भी किए। खुर्सीपार आई.टी.आई. परिसर में भागवत कथा आयोजित है, जहां नागरिको के बैठने, पानी, स्वच्छता एवं चलित शौचालय की व्यवस्था का निरीक्षण किए हैं, जिससे आम नागरिकों को दिक्कत ना हो। कथा स्थल हेतु समीपस्थ आईटीआई ग्राउंड मैदान, कैनाल रोड के किनारे मैदान में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। आयुक्त द्वारा बापू नगर उद्यान के समीप विगत कई वर्षो से निर्मित अटल आवास है जिसका अवलोकन किया गया। आवास को निवास हेतु किसी भी परिवार को नहीं दिया गया है। देखरेख के आभाव में आवास जर्जर हो गया है। उक्त जर्जर आवास को गिराकर उपयोगी अन्य कार्य हेतु निर्देशित किए है। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे, कार्यपालन अभियंता रवि सिन्हा, सहायक अभियंता प्रिया करसे, उप अभियंता चंद्रकांत साहू, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, बिजेंद्र परिहार, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, स्वच्छता निरीक्षक अतुल यादव, वेंकट राव उपस्थित रहे।

